भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

भा. वि. प्रा. के पोर्ट ब्लेयर हवाई अड्डे पर बन रहा नया टर्मिनल भवन

नई दिल्ली, 19 मई 2022: अंडमान और निकोबार के प्राचीन द्वीपों का प्रवेश द्वार, वीर सावरकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, पोर्ट ब्लेयर में जल्द ही एक नया टर्मिनल भवन बनने जा रहा है। यात्री यातायात में वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने नए एकीकृत टर्मिनल भवन के निर्माण कार्य का यह कदम उठाया है जिसका अनुमानित लागत लगभग 707.73 करोड़ रुपये है ।

40,837 वर्गमीटर के कुल निर्मित क्षेत्र के साथ, नया टर्मिनल भवन व्यस्ततम समय के दौरान 1200 यात्री और सालाना लगभग 40 लाख यात्री संभालने में सक्षम होगा । नए यात्री टर्मिनल भवन में तीन मंजिलें होंगी जिनमें निचला भूतल, ऊपरी भूतल और पहली मंजिल होगी। निचले भूतल का उपयोग दूरस्थ आगमन, बस लाउंज और सेवा क्षेत्र के रूप में किया जाएगा, ऊपरी भूतल यात्रियों के प्रस्थान और आगमन के लिए टर्मिनल भवन तक पहुंचने के लिए उपयोग में लाया जाएगा तथा पहली मंजिल अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए सुरक्षा होल्ड एरिया (SHA) के रूप में प्रयोग में लाई जाएगी ।

प्रकृति से प्रेरित, टर्मिनल का डिज़ाइन समुद्र को दर्शाने वाली एक खोल और द्वीप के आकार की संरचना है | नई टर्मिनल बिल्डिंग एक बड़े स्पैन (120 मीटर) संरचनात्मक स्टील फ्रेम से बना एल्युमिनियम शीट की छत और चारों ओर केबल नेट ग्लेज़िंग के साथ प्रदान की गई इमारत है | संपूर्ण टर्मिनल में दिन में 12 घंटे के लिए 100 प्रतिशत छत के साथ रोशनदानों द्वारा प्राकृतिक प्रकाश की व्यवस्था भी होगी । विश्व स्तरीय भवन 28 चेक-इन काउंटर, तीन यात्री बोर्डिंग ब्रिज और चार कन्वेयर बेल्ट से लैस होगा | हवाई अड्डे के सिटी साइड एरिया को भी विकसित किया जाएगा, जिसमें लैंडस्केपिंग के साथ कार, टैक्सी और बसों के लिए पर्याप्त पार्किंग की सुविधा होगी।

अतिरिक्त एप्रन क्षेत्र के निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है, जिसमें चार विमान की पार्किंग के लिए अतिरिक्त खण्ड जोड़े जाएंगे | परियोजना का 80% से अधिक कार्य पूरा हो चुका है और विकास परियोजना को अक्टूबर, 2022 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

नए टर्मिनल भवन के संचालन से पर्यटन उद्योग के विस्तार को बढ़ावा मिलेगा और इस प्रकार क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। बढ़ी हुई कनेक्टिविटी न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी बल्कि स्थानीय समुदाय के लिए बेहतर शिक्षा और चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच भी प्रदान करेगी |

निगमित संचार निदेशालय, एएआई द्वारा जारी किया गया
विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: महाप्रबंधक (नि.सं.) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या 09/2022-23